भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-2282 0427, ईमेल: crpd@sbi.co.in

एसबीआई को ग्लोबल फाइनेंस, न्यूयॉर्क द्वारा ''विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक-2026'' के रूप में मान्यता दी गई.

संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति

(विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2026-27/22)

आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 16.09.2026 से 06.10.2026 तक

भारतीय स्टेट बैंक, संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की अधिकारिक वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

नियुक्ति का संक्षिप्त सारांश:

पद : 1. उप वाइस प्रेसिडेंट – आईटी जोखिम

(क) आयु: न्यूनतम – 36 वर्ष, अधिकतम – 45 वर्ष (31.08.2026 तक)

(ख) शैक्षणिक योग्यता (31.08.2026 तक): मूलभूत योग्यताएं: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीई / बीटेक (कंप्यूटर साइंस / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार / सूचना प्रौद्योगिकी / साइबर सुरक्षा) **(न्यूनतम प्रतिशत अंक: 50%)** अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमसीए / एमएससी (कंप्यूटर साइंस) / एमएससी (आईटी) **(न्यूनतम प्रतिशत अंक: 50%)** अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस/ साइबर सुरक्षा/ सूचना सुरक्षा में एमटेक. **(न्यूनतम प्रतिशत अंक: 50%)**

(ग) अधिमान्य प्रमाणपत्र: सीआईएसएसपी, सीआरआईएससी, सीआईएसएम और सीआईएसए में से कोई भी एक हो.
(प्रमाणपत्र वैध होना चाहिए और उस पर आवेदन के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख या उससे पहले की तारीख होनी चाहिए.)

(घ) योग्यता–पश्चात् अनुभव (31.08.2026 तक): न्यूनतम वर्ष का अनुभव: आईटी डोमेन में 12 वर्ष, जिसमें से आईटी जोखिम प्रबंधन या सूचना सुरक्षा में न्यूनतम 6 वर्ष के अनुभव को वरीयता दी जाएगी.

पद : 2. सहायक वाइस प्रेसिडेंट – आईटी जोखिम

(क) आयु: न्यूनतम – 32 वर्ष, अधिकतम – 42 वर्ष (31.08.2026 तक)

(ख) शैक्षणिक योग्यता (31.08.2026 तक): मूलभूत योग्यताएं: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीई / बीटेक (कंप्यूटर साइंस / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार / सूचना प्रौद्योगिकी / साइबर सुरक्षा) **(न्यूनतम प्रतिशत अंक: 50%)** अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमसीए / एमएससी (कंप्यूटर साइंस) / एमएससी (आईटी) **(न्यूनतम प्रतिशत अंक: 50%)** अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस/ साइबर सुरक्षा/ सूचना सुरक्षा में एमटेक. **(न्यूनतम प्रतिशत अंक: 50%)**

(ग) अधिमान्य प्रमाणपत्र: सीआईएसएसपी, सीआरआईएससी, सीआईएसएम और सीआईएसए में से कोई भी एक हो.
(प्रमाणपत्र वैध होना चाहिए और उस पर आवेदन के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख या उससे पहले की तारीख होनी चाहिए.)

(घ) योग्यता–पश्चात् अनुभव (31.08.2026 तक): न्यूनतम वर्ष का अनुभव: आईटी डोमेन में 09 वर्ष, जिसमें से आईटी जोखिम प्रबंधन या सूचना सुरक्षा में न्यूनतम 5 वर्ष के अनुभव को वरीयता दी जाएगी.

महत्वपूर्ण निर्देश:

1. पंजीकरण प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि/ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि तक या उससे पहले बैंक में ऑनलाइन माध्यम से जमा कर दिया गया हो.
2. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि पर उक्त पद के लिए दिए गए पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं.
3. **उम्मीदवारों को अपना रिज्यूम, पहचान पत्र, आयु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र, अनुभव विवरण, बायोडाटा, पसंदीदा सर्टिफिकेशन, सीटीसी फ़ॉर्म, आदि सहित सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करने होंगे. ऐसा न करने पर उनके आवेदन/उम्मीदवारी को शॉर्टलिस्टिंग/साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा.**
4. शॉर्टलिस्टिंग की प्रक्रिया अनंतिम और मूल दस्तावेजों के सत्यापन के बिना होगी. साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) उम्मीदवार द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/दस्तावेज़ों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी उम्मीदवारी मानी जाएगी.
5. यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और यदि वह पात्रता मानदंडों (आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता/करती है तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे.
6. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की अधिकारिक वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** को नियमित रुप से विवरणों एवं नई जानकारी (शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची सहित) हेतु देखें. कॉल (लेटर/ सूचना), जहां आवश्यक हो, केवल ईमेल द्वारा भेजा जाएगा. **(डाक से नहीं भेजा जाएगा).**
7. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई है) केवल बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे.**
8. यदि अंतिम मेरिट लिस्ट (कट–ऑफ अंक पर समान अंक) में एक से अधिक उम्मीदवारों के कट–ऑफ अंकों के रूप में एकसमान अंक आते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अनुसार अधिक आयु वालों को अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा.
9. **आवेदन पत्र और अन्य दस्तावेजों की हार्ड कॉपी इस कार्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है.**
10. **पात्रता के लिए प्रशिक्षण/शिक्षण के अनुभव को नहीं गिना जाएगा.**
11. **उम्मीदवार दोनों पदों के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं.**
12. यदि कोई उम्मीदवार दो से अधिक पदों के लिए आवेदन करता है, तो केवल दो अलग–अलग पदों के लिए अंतिम वैध (पूरी तरह भरा हुआ) आवेदन ही रखा जाएगा, और अन्य पंजीकरणों के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क (यदि कोई हो) जब्त कर लिया जाएगा.
13. केवल पात्रता मानदंड (अर्थात न्यूनतम आवश्यक योग्यताएँ और अनुभव) पूरा करने से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं होगा. बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड तय करेगी और उसके बाद, बैंक द्वारा तय की गई पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. **उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.**
14. उम्मीदवार जिनके खिलाफ चरित्र और पूर्ववृत्त (कैरेक्टर एंड एंटीसिडण्टस), नैतिकता आदि के बारे में प्रतिकूल रिपोर्ट हैं, वह इस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं. यदि शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों के विरुद्ध ऐसी कोई भी प्रतिकूल आदेश/रिपोर्ट उनके चयन के बाद बैंक को मिलती/प्राप्त होती है, तो उनकी उम्मीदवारी/सेवा तुरंत समाप्त कर दी जाएगी.
15. साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उनके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ–साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति अस्वीकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.
16. गलत जानकारी प्रस्तुत करने/तथ्यों को छिपाने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उन पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है और कानूनी/आपराधिक कार्रवाई की जा सकती है. जो उम्मीदवार धोखाधड़ी/छद्मरूपण का प्रयास करेंगे, उन्हें बैंक द्वारा आयोजित भविष्य की भर्ती प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा.
17. **जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों और एसबीआई समूह की कंपनियों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचित करते है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.**

क. पद/रिक्तियाँ/उम्र/पारिश्रमिक/तैनाती का स्थान/नियुक्ति की प्रकृति/चयन प्रक्रिया का विवरण:

पद का नाम : उप वाइस प्रेसिडेंट – आईटी जोखिम

श्रेणी-वार रिक्तियाँ				31.08.2026 को आयु वर्ष में##	वार्षिक सीटीसी सीमा**	संविदा अवधि$	पदस्थापना का संभावित स्थान#	चयन प्रक्रिया
	यूआर	कुल	पीडब्ल्यूबीडी (एलडी)@					
नियमित	2	2	--	न्यूनतम – 36 वर्ष अधिकतम – 45 वर्ष	60 लाख रुपये तक	3 वर्ष	मुंबई, नवी मुंबई	शॉर्टलिस्टिंग और परस्पर संवाद के बाद सीटीसी वार्ता
बैकलॉग	--	--	1					
कुल	**2**	**2**	**1**					

पद का नाम : सहायक वाइस प्रेसिडेंट – आईटी जोखिम

श्रेणी-वार रिक्तियाँ				31.08.2026 को आयु वर्ष में##	वार्षिक सीटीसी सीमा**	संविदा अवधि$	पदस्थापना का संभावित स्थान#	चयन प्रक्रिया
	यूआर	कुल	पीडब्ल्यूबीडी (एलडी)@					
नियमित	2	2	--	न्यूनतम – 32 वर्ष अधिकतम – 42 वर्ष	50 लाख रुपये तक	3 वर्ष	मुंबई, नवी मुंबई	शॉर्टलिस्टिंग और परस्पर संवाद के बाद सीटीसी वार्ता
बैकलॉग	--	--	1					
कुल	**2**	**2**	**1**					

संक्षेपाक्षर: यूआर – अनारक्षित; **पीडब्ल्यूबीडी** – बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति; **एलडी** – लोकोमोटर दिव्यांगता

@ – समस्तरीय रिक्ति– आरक्षण समस्तरीय है और इसे संबंधित मूल श्रेणी की रिक्ति में शामिल किया गया है.

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34, संदर्भित [बेंचमार्क दिव्यांगजन (PwBD)] के तहत आरक्षण का लाभ उठाने के इच्छुक व्यक्ति को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम दिव्यांगता प्रमाण पत्र जमा करना होगा. ऐसा प्रमाणपत्र सत्यापन/पुनः सत्यापन, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जैसा भी तय किया जाए, के अधीन होगा.

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार पीडब्ल्यूबीडी के लिए आयु में छूट उपलब्ध है.

** वार्षिक सीटीसी को 80:20 के अनुपात में नियत वेतन और परिवर्तनीय वेतन में विभाजित किया जाएगा. **वार्षिक सीटीसी बातचीत से तय की जाएगी और यह वर्तमान रोजगार में उम्मीदवारों के अनुभव और परिलब्धियों और तैनाती के स्थान में पर निर्भर करेगी.**

तैनाती (पोस्टिंग) का सुझाया गया स्थान सांकेतिक है, बैंक भारत में भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में सेवा के लिए तैनात करने या स्थानांतरित करने या अपने किसी सहयोगी/सहायक संस्था या किसी अन्य संस्था को सेवाओं की आवश्यकता के आधार पर प्रतिनियुक्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

$ संविदा की अवधि 3 वर्ष की है, जिसे बैंक के विवेक पर 2 और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है. संविदा को किसी भी समय, बिना किसी पूर्वाग्रह के, किसी भी पक्ष की ओर से तीन (3) महीने का नोटिस देकर या उसके बदले में तीन (3) महीने की वेतन राशि का भुगतान/सरेंडर करने पर समाप्त किया जा सकता है.

महत्वपूर्ण सूचनाएँ:

i. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त-पदों सहित रिक्तियों की संख्या **अनंतिम है** और यह बैंक की वास्ताविक आवश्यकता के अनुसार **बदल सकती है.**

ii. विभिन्न पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है. उम्मीदवार को **निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार योग्यता** और **प्रासंगिक पूर्णकालिक अनुभव** होना चाहिए.

iii. शुल्क में छूट पाने के लिए अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को **भारत सरकार द्वारा निर्धारित फ़ॉर्मेट** में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैध जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा.

iv. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

v. सूचित अधिकतम आयु सामान्य (यूआर) श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए है. पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार **ऊपरी आयु सीमा में छूट** मिलेगी (जहां लागू हो).

vi. निर्धारित बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी), सहित आरक्षित श्रेणी से संबंधित सभी उम्मीदवार जिनके लिए आरक्षण का कोई उल्लेख नहीं किया गया है, अनारक्षित (यूआर) श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते वे अनारक्षित (यूआर) श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों.

vii. **नियोक्ता से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार को संबंधित क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव है. उचित अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर बैंक को किसी भी समय उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार है.**

viii. बैंक के पास यह अधिकार सुरक्षित रखता है कि वह बिना कोई कारण बताए, किसी भी चरण में भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से या किसी विशिष्ट पद के लिए रद्द कर सकता है.

ix. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण समस्तरीय है और संबंधित मूल श्रेणी की रिक्ति में शामिल है.

x. केवल **निर्धारित दिव्यांगता** वाले व्यक्ति ही निर्धारित दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) श्रेणी के तहत आरक्षण के लिए पात्र होंगे. **'निर्धारित दिव्यांगता वाले व्यक्ति'** से आशय उस व्यक्ति से है जो विनिर्दिष्ट दिव्यांगता का कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांग हो और जहाँ विनिर्दिष्ट दिव्यांगता को मापन श्रेणी में नहीं रखा गया है. लेकिन, इसके अंतर्गत वह दिव्यांग व्यक्ति भी आता है जिसकी दिव्यांगता को प्रमाणित करने वाले प्राधिकारी के प्रमाणन के अनुसार मापन श्रेणी में रखा गया है. दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित बैकलॉग रिक्तियों को संबंधित श्रेणी में बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति से भरा जाएगा. यदि उस श्रेणी से कोई उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होता है, तो ऐसे बैकलॉग को अन्य पात्र दिव्यांगजन उम्मीदवारों के बीच आपस में बदलकर भरा जा सकता है, बशर्ते कि वे पद ऐसी दिव्यांगताओं के लिए उपयुक्त माने गए हों.

xi. **बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षण**: दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 के अनुसार निर्धारित दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को समस्तरीय आरक्षण दिया गया है. इस अधिनियम के अंतर्गत यह पद निम्नालिखित श्रेणी की दिव्यांगता के लिए आरक्षित होगा:

नोट: 'बेंचमार्क दिव्यांगता वाले केवल वही व्यक्ति' आरक्षण के लिए पात्र होंगे जिनके पास प्रमाणन प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित कम से कम 40% की निर्दिष्ट दिव्यांगता हो जहाँ निर्दिष्ट दिव्यांगता को मापने योग्य शर्तों में परिभाषित नहीं किया गया है, और वे भी व्यक्ति शामिल हैं जिनकी दिव्यांगता को मापने योग्य शर्तों में परिभाषित किया गया है.

जो व्यक्ति पीडब्ल्यूबीडी आरक्षण का लाभ उठाना चाहता है, उसे चिकित्सा प्राधिकारी या किसी अन्य अधिकृत सक्षम प्राधिकारी (प्रमाणनकर्ता प्राधिकारी) द्वारा निर्धारित फ़ॉर्मेट में जारी किया गया अद्यतन विकलांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा. प्रमाण-पत्र पर तारीख आवेदन के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख या उससे पहले की होनी चाहिए.

xi. स्टेट बैंक समूह/कंपनियों में कार्यरत उम्मीदवारों को किसी भी पद के लिए आवेदन करते समय अपने नियोक्ता से ''अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC)'' प्रस्तुत करना होगा.

xii. **स्थानांतरण नीति:** बैंक संविदा पर नियुक्त ऐसे अधिकारियों की सेवाओं को सेवा की अनिवार्यता के आधार पर भारत में भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में स्थानांतरित करने या अपने किसी सहयोगी/सहायक या किसी अन्य संगठन में प्रतिनियुक्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. **किसी विशिष्ट स्थान/कार्यालय में तैनाती/स्थानांतरण के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.**

xiii. **मेरिट सूची**: चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी. एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों की मेरिट में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में रैंक प्रदान की जाएगी.

$$ अनुभव (अनिवार्य और वरीयता दोनों) कैसे सुनिश्चित करें / कार्य अनुभव का सत्यापन:

कार्य अनुभव की अवधि की गणना शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के समय बायोडाटा/रिज्यूम में दिए गए विवरण के आधार पर की जाएगी. अनुभव प्रमाणित करने वाले दस्तावेजों का सत्यापन साक्षात्कार/कार्यग्रहण के समय निम्नलिखित में से एक या अधिक तरीकों से किया जाएगा:

i) नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र; और/या

ii) वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन पत्र; और/या

iii) नियुक्ति और कार्यमुक्ति पत्रों का संयोजन; और/या

iv) ऑफर लेटर और आयकर रिटर्न का संयोजन; या

v) अनुभव की अवधि को प्रमाणित करने वाला कोई अन्य वास्तविक दस्तावेज़, बशर्ते पृष्ठभूमि और संदर्भ की जाँच संतोषजनक हो.

ख. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता/योग्यता के बाद का अनुभव/विशिष्ट कौशल/कार्य प्रोफ़ाइल/मुख्य दायित्व क्षेत्र आदि का विवरण.

1. पद : उप वाइस प्रेसिडेंट – आईटी जोखिम

शैक्षणिक योग्यता (31.08.2026 तक)	**अनिवार्य:** मूलभूत योग्यताएं: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीई / बीटेक (कंप्यूटर साइंस / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार / सूचना प्रौद्योगिकी / साइबर सुरक्षा) **(न्यूनतम प्रतिशत अंक: 50%)** अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमसीए / एमएससी (कंप्यूटर साइंस) / एमएससी (आईटी) **(न्यूनतम प्रतिशत अंक: 50%)** अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस/ साइबर सुरक्षा/ सूचना सुरक्षा में एमटेक. **(न्यूनतम प्रतिशत अंक: 50%)** **अधिमान्य प्रमाणपत्र:** सीआईएसएसपी, सीआरआईएससी, सीआईएसएम और सीआईएसए में से कोई भी एक हो. **(प्रमाणपत्र वैध होना चाहिए और उस पर आवेदन के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख या उससे पहले की तारीख होनी चाहिए.)**
योग्यता के पश्चात् अनुभव (31.08.2026 तक)	न्यूनतम वर्ष का अनुभव: आईटी डोमेन में 12 वर्ष, जिसमें से आईटी जोखिम प्रबंधन या सूचना सुरक्षा में न्यूनतम 6 वर्ष के अनुभव को वरीयता दी जाएगी. **अधिमान्य अनुभव के विवरण:** 1. एनआईएसटी, आईएसओ 27001, सीओबीआईटी और आईटीआईएल जैसे जोखिम प्रबंधन ढांचे और मानकों का गहन ज्ञान 2. बड़े पैमाने पर आईटी जोखिम प्रबंधन कार्यक्रमों के प्रबंधन के प्रमाणित पिछले रिकॉर्ड के साथ वरिष्ठ नेतृत्व भूमिकाओं में महत्वपूर्ण अनुभव 3. आईटी जोखिम प्रबंधन में नवीनतम प्रवृत्तियों, प्रौद्योगिकियों और सर्वोत्तम प्रथाओं से अपडेट रहना. 4. संगठन के समग्र व्यावसायिक उद्देश्यों के अनुरूप व्यापक आईटी जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को विकसित और कार्यान्वित करने की प्रदर्शित क्षमता 5. विभिन्न विभागों के साथ सहयोग करने, जोखिम प्रबंधन परियोजनाओं का नेतृत्व करने और विनियामक अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने का अनुभव 6. उन्नत साइबर सुरक्षा सिद्धांतों, प्रौद्योगिकियों और प्रवृत्तियों की गहन समझ 7. प्रभावी घटना प्रतिक्रिया और कारोबार निरंतरता योजनाओं को विकसित करने और उनकी देखरेख करने की क्षमता *आवेदक को प्रासंगिक/आवश्यक अनुभव को प्रमाणित करने वाला अनुभव प्रमाण पत्र/कोई अन्य दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा. उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ों पर बैंक के पूर्ण विवेकानुसार गुणों के आधार पर विचार किया जाएगा और बैंक का निर्णय अंतिम होगा. पात्रता के लिए प्रशिक्षण/शिक्षण के अनुभव को नहीं गिना जाएगा.*
कार्य प्रोफ़ाइल **(भूमिका, उत्तरदायित्वों और कार्यों का विस्तृत विवरण)**	➢ आईटी जोखिम प्रोफेशनलों की टीम का नेतृत्व और मार्गदर्शन करना ➢ जोखिम से संबंधित समितियों में शीर्ष प्रबंधन से प्राप्त IT जोखिम एजेंडा और IT जोखिम संबंधी टिप्पणियों पर गौर करें. ➢ जोखिम डेटा का विश्लेषण करना और पहचाने गए जोखिमों को कम करने के लिए रणनीति विकसित करना ➢ टीम के सदस्यों के समग्र प्रदर्शन की निगरानी करना ➢ वरिष्ठ प्रबंधन और हितधारकों के लिए जोखिम प्रबंधन रिपोर्ट तैयार करना और प्रस्तुत करना ➢ आईटी जोखिम प्रबंधन पर तकनीकी नेतृत्व, मार्गदर्शन और दिशा प्रदान करना ➢ संगठन की आईटी जोखिम प्रबंधन कार्यनीतियों, नीतियों और प्रक्रियाओं की देखरेख और प्रबंधन की क्षमता प्रदान करना ➢ व्यापक जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए अन्य विभागों के साथ मिलकर काम करना ➢ जोखिम जागरूकता और समझ को बढ़ावा देना ➢ विनियामक दिशानिर्देशों/मानकों के अनुसार जोखिम आकलन ढांचा फ्रेम वर्क तैयार करना. ➢ टेक्नोलॉजी से जुड़े जोखिम के संदर्भ में अलग-अलग प्रक्रियाओं का जोखिम विश्लेषण/सुरक्षा समीक्षा करना. **टिप्पणी: ऊपर वर्णित कार्य की रूपरेखा/केआरए उदाहरण स्वरूप हैं. बैंक द्वारा उपर्युक्त पदों के लिए ऊपर वर्णित भूमिका/कार्य/केआरए के अलावा समय-समय पर अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं.**
पद के लिए मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआरए):	➢ आईटी-जोखिम टीम के प्रणाली अधिकारियों का नेतृत्व करना, विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप एप्लिकेशन स्वामियों द्वारा आईटी जोखिम को मापने, कम करने, निगरानी और नियंत्रित करने के लिए प्रणाली स्थापित करना. ➢ हितधारकों के बीच आईटी-जोखिम जागरूकता उत्पन्न करना. ➢ शीर्ष प्रबंधन/ समितियों/ लेखापरीक्षा/ नियामक से आईटी-जोखिम संबंधी दिशानिर्देश/ निर्देश/ टिप्पणियां प्रसारित करना और कार्यान्वयन की प्रगति की रिपोर्ट करना. ➢ समय-समय पर समेकित जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करना और उसे वरिष्ठ प्रबंधन को प्रस्तुत करना. ➢ जीआईटीसी विभागों के प्रमुख संकेतकों की आवधिक निगरानी और वार्षिक समीक्षा. ➢ विनियामक दिशानिर्देशों/मानकों के अनुसार जोखिम आकलन ढांचा फ्रेम वर्क तैयार करना. ➢ टेक्नोलॉजी से जुड़े जोखिम के संदर्भ में अलग-अलग प्रक्रियाओं का जोखिम विश्लेषण/सुरक्षा समीक्षा करना. ➢ टेक्नोलॉजी से जुड़े क्षेत्रों के लिए जोखिम उठाने की क्षमता का ढांचा तैयार करना। **टिप्पणी: ऊपर वर्णित कार्य की रूपरेखा/केआरए उदाहरण स्वरूप हैं. बैंक द्वारा उपर्युक्त पदों के लिए ऊपर वर्णित भूमिका/कार्य/केआरए के अलावा समय-समय पर अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं.**

2. पद : सहायक वाइस प्रेसिडेंट – आईटी जोखिम

शैक्षणिक योग्यता (31.08.2026 तक)	**अनिवार्य:** मूलभूत योग्यताएं: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीई / बीटेक (कंप्यूटर साइंस / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार / सूचना प्रौद्योगिकी / साइबर सुरक्षा) **(न्यूनतम प्रतिशत अंक: 50%)** अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमसीए / एमएससी (कंप्यूटर साइंस) / एमएससी (आईटी) **(न्यूनतम प्रतिशत अंक: 50%)** अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस/ साइबर सुरक्षा/ सूचना सुरक्षा में एमटेक. **(न्यूनतम प्रतिशत अंक: 50%)** **अधिमान्य प्रमाणपत्र:** सीआईएसएसपी, सीआरआईएससी, सीआईएसएम और सीआईएसए में से कोई भी एक हो. **(प्रमाणपत्र वैध होना चाहिए और उस पर आवेदन के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख या उससे पहले की तारीख होनी चाहिए.)**
योग्यता के पश्चात् अनुभव (31.08.2026 तक)	न्यूनतम वर्ष का अनुभव: आईटी डोमेन में 9 वर्ष, जिसमें से आईटी जोखिम प्रबंधन या सूचना सुरक्षा में न्यूनतम 5 वर्ष के अनुभव को वरीयता दी जाएगी. **अधिमान्य अनुभव के विवरण:** 1. एनआईएसटी, आईएसओ 27001, सीओबीआईटी और आईटीआईएल जैसे जोखिम प्रबंधन ढांचे और मानकों का गहन ज्ञान 2. बड़े पैमाने पर आईटी जोखिम प्रबंधन कार्यक्रमों के प्रबंधन के प्रमाणित पिछले रिकॉर्ड के साथ वरिष्ठ नेतृत्व भूमिकाओं में महत्वपूर्ण अनुभव 3. आईटी जोखिम प्रबंधन में नवीनतम प्रवृत्तियों, प्रौद्योगिकियों और सर्वोत्तम प्रथाओं से अपडेट रहना. 4. संगठन के समग्र व्यावसायिक उद्देश्यों के अनुरूप व्यापक आईटी जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को विकसित और कार्यान्वित करने की प्रदर्शित क्षमता 5. विभिन्न विभागों के साथ सहयोग करने, जोखिम प्रबंधन परियोजनाओं का नेतृत्व करने और विनियामक अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने का अनुभव 6. उन्नत साइबर सुरक्षा सिद्धांतों, प्रौद्योगिकियों और प्रवृत्तियों की गहन समझ 7. प्रभावी घटना प्रतिक्रिया और कारोबार निरंतरता योजनाओं को विकसित करने और उनकी देखरेख करने की क्षमता *आवेदक को प्रासंगिक/आवश्यक अनुभव को प्रमाणित करने वाला अनुभव प्रमाण पत्र/कोई अन्य दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा. उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ों पर बैंक के पूर्ण विवेकानुसार गुणों के आधार पर विचार किया जाएगा और बैंक का निर्णय अंतिम होगा. पात्रता के लिए प्रशिक्षण/शिक्षण के अनुभव को नहीं गिना जाएगा.*
कार्य प्रोफ़ाइल **(भूमिका, उत्तरदायित्वों और कार्यों का विस्तृत विवरण)**	➢ आईटी जोखिम प्रोफेशनलों की टीम का नेतृत्व और मार्गदर्शन करना ➢ जोखिम से संबंधित समितियों में शीर्ष प्रबंधन से प्राप्त IT जोखिम एजेंडा और IT जोखिम संबंधी टिप्पणियों पर गौर करें. ➢ जोखिम डेटा का विश्लेषण करना और पहचाने गए जोखिमों को कम करने के लिए रणनीति विकसित करना ➢ टीम के सदस्यों के समग्र प्रदर्शन की निगरानी करना ➢ वरिष्ठ प्रबंधन और हितधारकों के लिए जोखिम प्रबंधन रिपोर्ट तैयार करना और प्रस्तुत करना ➢ आईटी जोखिम प्रबंधन पर तकनीकी नेतृत्व, मार्गदर्शन और दिशा प्रदान करना ➢ संगठन की आईटी जोखिम प्रबंधन कार्यनीतियों, नीतियों और प्रक्रियाओं की देखरेख और प्रबंधन की क्षमता प्रदान करना ➢ व्यापक जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए अन्य विभागों के साथ मिलकर काम करना ➢ जोखिम जागरूकता और समझ को बढ़ावा देना ➢ विनियामक दिशानिर्देशों/मानकों के अनुसार जोखिम आकलन ढांचा फ्रेम वर्क तैयार करना. ➢ टेक्नोलॉजी से जुड़े जोखिम के संदर्भ में अलग-अलग प्रक्रियाओं का जोखिम विश्लेषण/सुरक्षा समीक्षा करना. **टिप्पणी: ऊपर वर्णित कार्य की रूपरेखा/केआरए उदाहरण स्वरूप हैं. बैंक द्वारा उपर्युक्त पदों के लिए ऊपर वर्णित भूमिका/कार्य/केआरए के अलावा समय-समय पर अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं.**
पद के लिए मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआरए):	➢ आईटी-जोखिम टीम के प्रणाली अधिकारियों का नेतृत्व करना, विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप एप्लिकेशन स्वामियों द्वारा आईटी जोखिम को मापने, कम करने, निगरानी और नियंत्रित करने के लिए प्रणाली स्थापित करना. ➢ हितधारकों के बीच आईटी-जोखिम जागरूकता उत्पन्न करना. ➢ शीर्ष प्रबंधन/ समितियों/ लेखापरीक्षा/ नियामक से आईटी-जोखिम संबंधी दिशानिर्देश/ निर्देश/ टिप्पणियां प्रसारित करना और कार्यान्वयन की प्रगति की रिपोर्ट करना. ➢ समय-समय पर समेकित जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करना और उसे वरिष्ठ प्रबंधन को प्रस्तुत करना. ➢ जीआईटीसी विभागों के प्रमुख संकेतकों की आवधिक निगरानी और वार्षिक समीक्षा. ➢ विनियामक दिशानिर्देशों/मानकों के अनुसार जोखिम आकलन ढांचा फ्रेम वर्क तैयार करना. ➢ टेक्नोलॉजी से जुड़े जोखिम के संदर्भ में अलग-अलग प्रक्रियाओं का जोखिम विश्लेषण/सुरक्षा समीक्षा करना. ➢ टेक्नोलॉजी से जुड़े क्षेत्रों के लिए जोखिम उठाने की क्षमता का ढांचा तैयार करना। **टिप्पणी: ऊपर वर्णित कार्य की रूपरेखा/केआरए उदाहरण स्वरूप हैं. बैंक द्वारा उपर्युक्त पदों के लिए ऊपर वर्णित भूमिका/कार्य/केआरए के अलावा समय-समय पर अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं.**

ग. चयन प्रक्रिया: चयन शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के आधार पर होगा. इसके बाद, सीटीसी पर बातचीत होगी.

- **शॉर्टलिस्टिंग: न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा.** बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके पश्चात् बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाए जाएंगे. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाए जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. **इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.** शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.
- **साक्षात्कार:** साक्षात्कार 100 अंकों का होगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.
- **सीटीसी बातचीत:** योग्यता क्रम के अनुसार उम्मीदवारों से एक-एक करके सीटीसी पर बातचीत की जाएगी (अर्थात्, यदि चयनित उम्मीदवार बातचीत के बाद तय की गई राशि से सहमत नहीं होता है, तो उसका नाम भर्ती प्रक्रिया से *स्वैच्छिक रूप से बाहर माना* जाएगा और योग्यता सूची में अगले उम्मीदवार को बातचीत के लिए बुलाया जाएगा). सीटीसी पर बातचीत साक्षात्कार के समय या साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी होने के बाद, अलग से की जाएगी.
- **मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी. एक से अधिक उम्मीदवारों के एक समान निर्दिष्ट अंक पाने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट सूची में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा.
- **अंतिम चयन:** मेरिट सूची में शीर्ष पर रहने वाले उम्मीदवार, जिनके साथ सीटीसी पर सफलतापूर्वक बातचीत हो जाती है, उन्हें अंतिम रूप से चुना जाएगा.

घ. अवकाश

संविदा (OEC) पर नियोजित प्रस्तावित अधिकारी वित्तीय वर्ष के दौरान 30 दिनों के अवकाश का हकदार होगा जो वास्तविक और उचित कारणों के लिए बैंक द्वारा प्रदान की जाएगी.

ङ. नोटिस अवधि:

संविदा दोनों पक्षों द्वारा बिना कोई कारण बताए 3 (तीन) महीने का नोटिस देकर या उसके बदले में 3 (तीन) महीने की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान/अभ्यर्पण करके समाप्त की जा सकती है.

च. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:

साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/ सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दीए जाएँगे. **कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

छ. ग्रेड और पारिश्रमिक/सीटीसी सीमा:

क्र.सं.	पद नाम	नियुक्ति की प्रकृति	सीटीसी सीमा (नियत और परिवर्ती सहित)
1	**उप वाइस प्रेसिडेंट – आईटी जोखिम**	संविदात्मक	**60 लाख रुपये तक** (सीटीसी को **80:20 के अनुपात में नियत वेतन और परिवर्ती वेतन में** विभाजित किया जाएगा)
2	**सहायक वाइस प्रेसिडेंट – आईटी जोखिम**		**50 लाख रुपये तक** (सीटीसी को **80:20 के अनुपात में नियत वेतन और परिवर्ती वेतन में** विभाजित किया जाएगा)

पारिश्रमिक: वार्षिक सीटीसी, जिस पर बातचीत की जाएगी, उम्मीदवार के वर्तमान रोजगार में अनुभव और मौजूदा वेतन पोस्टिंग के स्थान पर निर्भर करेगी. सीटीसी में 80% नियत और 20% परिवर्ती वेतन शामिल है. सीटीसी में वार्षिक वेतनवृद्धि संतोषजनक वार्षिक कार्य-निष्पादन पर निर्भर है. **कोई अन्य सुविधाएं – नहीं**

परिवर्ती वेतन: संविदात्मक अधिकारी संबंधित अवधि के लिए अर्धवार्षिक अंतराल पर 31 मार्च और 30 सितंबर को होने वाले कार्य-निष्पादन मूल्यांकन में न्यूनतम 90% अंक प्राप्त करने पर परिवर्ती वेतन के भुगतान के लिए पात्र होगा, जो मौजूदा आयकर नियमों के अनुसार आयकर की कटौती के अधीन होगा. यदि संविदा 6 महीने (दूसरे वर्ष के बाद) पूरे होने से पहले समाप्त हो जाती है, तो परिवर्ती वेतन आनुपातिक आधार पर जारी किया जाएगा.

संविदात्मक अधिकारी के कार्य-निष्पादन के आधार पर परिवर्ती वेतन संरचना निम्नानुसार होगी:

कार्य-निष्पादन मूल्यांकन में अंक	स्कोर की प्राप्ति के आधार पर परिवर्ती आय का प्रतिशत
99 से 100%	100%
97 से 98.99 %	90%
94 से 96.99%	80%
90 से 93.99%	70%
90% से कम	शून्य

वार्षिक वेतन वृद्धि: दूसरे वर्ष से प्रस्तावित वार्षिक वेतन वृद्धि, बातचीत के समय तय किए गए वार्षिक सीटीसी (CTC) के 7% तक हो सकती है, बशर्ते प्रदर्शन मूल्यांकन (परफॉर्मेंस अप्रेज़ल) स्कोर कम से कम 90% हो (जो वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए पात्र होने हेतु न्यूनतम स्कोर है) और वार्षिक वेतन वृद्धि का वितरण फिक्स्ड तथा वेरिएबल घटकों के अनुरूप हो. **(नियत: परिवर्ती: 80:20)**

डिसक्लेमर (डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम, 2023)

इस पद के लिए आवेदन करके आप स्वेच्छा से, पूर्ण जानकारी के साथ तथा बिना किसी शर्त के, बैंक को अपनी व्यक्तिगत जानकारी (Personal Data) एकत्रित करने, उसका प्रसंस्करण (Processing) करने तथा भर्ती प्रक्रिया की आवश्यकता के अनुसार संबंधित डेटा प्रोसेसरों (Data Processors) के साथ साझा करने की अपनी सहमति प्रदान करते हैं. यह कार्य डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम, 2023 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों (सामूहिक रूप से ''अधिनियम'') के अनुरूप किया जाएगा. बैंक ने अपने पास उपलब्ध अथवा अपने नियंत्रणाधीन व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार के डेटा उल्लंघन (Data Breach) को रोकने के लिए सभी उचित सुरक्षा उपाय लागू किए हैं. आपकी व्यक्तिगत जानकारी को पूर्ण गोपनीयता के साथ संभाला जाएगा और इसका उपयोग केवल विज्ञापित पद के लिए आपकी पात्रता, योग्यता, प्रमाण-पत्रों तथा उम्मीदवारी के मूल्यांकन एवं सत्यापन हेतु किया जाएगा, साथ ही अधिनियम के अंतर्गत अनुमत अन्य वैध उद्देश्यों के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है.

ज. आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवारों के पास **वैध ईमेल आईडी** हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उन्हे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

ऑनलाइन आवेदन के लिए दिशानिर्देश:

i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करें और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें.

ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपना नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड ('दस्तावेज़ अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती है.

iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे सबमिट करें. यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को नोट कर लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरकर उम्मीदवार को चाहिए कि वह इसे सबमिट करे और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.

iv. **उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, सिस्टम निर्मित ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रिन्ट कर लें.**

शुल्क भुगतान के लिए दिशानिर्देश:

i. यूआर (अनारक्षित)/ईडब्ल्यूएस/अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचित करने का शुल्क (अप्रतिदेय) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचित करने का शुल्क नहीं है.

ii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

iii. शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा.

iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई-रसीद और आवेदन फॉर्म जनरेट होगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख लें.

v. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.

vi. शुल्क विवरणों सहित ई-रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.

vii. **भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी कारण से वापस नहीं लौटाया जाएगा, न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.**

झ. दस्तावेज़ अपलोड कैसे करें:

अ. अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ों का विवरण:

i. नवीनतम फोटोग्राफ
ii. हस्ताक्षर
iii. संक्षिप्त बॉयोडाटा (पीडीएफ)
iv. पहचान पत्र का प्रमाण (पीडीएफ)
v. पैन कार्ड
vi. पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
vii. शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र: संबंधित अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
viii. अनुभव प्रमाण पत्र (पीडीएफ)
ix. अधिमान्य प्रमाणपत्र
x. फॉर्म-16/ऑफर लेटर/वर्तमान नियोक्ता से नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ)
xi. अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
xii. बॉयोडाटा और सीटीसी प्रारूप (पीडीएफ)

ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:

i. पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए.
ii. फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी और डायमेंशन 200X230 पिक्सल (अधिमानत:) तक होना चाहिए.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना है, तो यह सुनिश्चित करें कि इसमें 'रेड-आई' नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करें न कि कोई अन्य व्यक्ति.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होगा वहां हस्ताक्षर का उपयोग किया जाएगा.
iv. फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानत:) हो.
v. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vi. अंग्रेज़ी के कैपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

द. दस्तावेज़ की फाइल का प्रकार/आकार:

i. सभी दस्तावेज़ पीडीएफ प्रारूप में हों. (फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को छोड़कर)
ii. दस्तावेज़ के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.
iv. दस्तावेज़ को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. यदि फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए दस्तावेज़ साफ और पढ़े जा सकने योग्य हैं.

य. फोटो/हस्ताक्षर/दस्तावेज़ों को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें.
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके इमेज को स्कैन करें फिर इमेज को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम को फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर या फिर फाइल इमेज के आयकन पर माउस को घुमाकर जांचा जा सकता है
vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में प्राप्त कर सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न हो. इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट सें जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है. इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडीटर में भी उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

र. दस्तावेज़ अपलोड करने की प्रक्रिया:

i. प्रत्येक दस्तावेज़ को अपलोड करने हेतु अलग-अलग लिंक दिए गए हैं.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन सबमिट करने से पहले दस्तावेज़ अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू पर क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. दस्तावेज़ अपलोड हो जाने के बाद/सबमिट कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vii. **ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं.** यदि फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म सबमिट किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. **यदि फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.**

ञ. सामान्य जानकारी:

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों के लिए निर्धारित तारीख को पूरा करता/करती है और उसके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी प्रकार से सही है.

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार सहित ऐसे उम्मीदवार जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है, सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.

iii. **भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (जानकारियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.**

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

v. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने के अधीन है. इस तरह की नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती होने के समय लागू है.

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल को एक्टिव रखें.

vii. किसी संप्रेषण की प्राप्ति में विलंब होने या न मिलने कि स्थिति में बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

viii. **जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों और एसबीआई समूह की कंपनियों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचित करते है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और यदि वे किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.**

ix. चयनित होने पर उम्मीदवारों से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता की ओर से उचित डिस्चार्ज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करें.

x. उम्मीदवारों को उनके हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट में लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए ऐसा इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण हो सकता है. पूर्वोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा.

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xiii. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं है. बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शॉर्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार सुरक्षित है.

xiv. **एक से अधिक आवेदन के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा.**

xv. **उम्मीदवार दोनों पदों के लिए आवेदन नहीं कर सकता है. यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है, तो दो अलग-अलग में केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन ही मान्य होगा, और अन्य पंजीकरणों के लिए दी गई आवेदन फीस, यदि कोई हो, जब्त कर ली जाएगी.**

xvi. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की स्थिति में कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/फोरम पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvii. शॉर्टलिस्टिंग के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले बाहरी उम्मीदवारों को भारत में सबसे लघुतर मार्ग के लिए यात्रा किराया (पात्रता कॉल लेटर में उल्लिखित होगी) अथवा वास्तविक यात्रा के आधार पर भारत में वास्तविक यात्रा लागत (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय वाहन जैसे टैक्सी/कैब/निजी वाहन व्यय/किराया देय नहीं होगा. यदि उम्मीदवार को पद के लिए अपात्र पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और किसी भी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी.

xviii. **बैंक के पास किसी भी चरण में भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से या किसी विशिष्ट पद के लिए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.**

xix. **साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.**

किसी भी जानकारी के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers) पर उपलब्ध "CONTACT US/post your query" लिंक के माध्यम से हमसे संपर्क करें.

भारतीय स्टेट बैंक किसी भी ऐसे बाहरी कोचिंग प्लेटफॉर्म, कंसल्टेंसी, व्यक्ति या डिजिटल चैनल का समर्थन, विज्ञापन या उनके साथ जुड़ाव नहीं रखता है, जो चयन की गारंटी, भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित करने या आंतरिक मार्गदर्शन प्रदान करने का दावा करते हैं. उम्मीदवारों को केवल एसबीआई के आधिकारिक करियर पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी पर ही भरोसा करना चाहिए.

मुंबई
16.09.2026

मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा.
किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.

महाप्रबंधक
(आरपी एवं पीएम)

आवेदन कैसे करें

https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉगिन करें.

नीचे स्क्रॉल करें और संबंधित विज्ञापन पर क्लिक करें.

विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2026-27/22 डाउनलोड करें.
(विस्तृत विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें.)

ऑनलाइन आवेदन करें.
(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें.
अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी.)